तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4 एमआईसी में 29 करोड़ से ज्यादा के शहर विकास कार्यों को दी गई मंजूरी



## खबर संक्षेप

### लू से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

**रायगढ़।** कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बढ़ती गर्मी और तापमान में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए लू हीट वेव को लेकर एडवायजरी जारी की है। सीएमएचओ ने बताया कि लू लगने की स्थिति में तेज बुखार, सिर दर्द, चक्कर आना, उल्टी, मुंह सूखना, कमजोरी, शरीर में दर्द और पसीना न आना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। गंभीर स्थिति में व्यक्ति बेहोश भी हो सकता है। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू करते हुए मरीज को ठंडे स्थान पर रखें, सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाएं और अधिक मात्रा में पानी या तरल पदार्थ दें। इसके बाद शीघ्र डॉक्टर से संपर्क करें। बहुत आवश्यक न हो तो दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें। बाहर निकलते समय सिर और कान को कपड़े, टोपी या गमछे से ढकें तथा छाते का उपयोग करें। हल्के रंग के ढीले और सूती कपड़े पहनें, ताकि शरीर ठंडा बना रहे। लू से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें और अपने साथ पानी अवश्य रखें। भोजन हमेशा ताजा और हल्का लें। तरबूज, खरबूजा, संतरा, अंगूर, अनानास, खीरा और ककड़ी जैसे पानी से भरपूर फल और सब्जियों का सेवन करें। बच्चों और पालतू जानवरों को खड़ी गाड़ी में न छोड़ेंए क्योंकि वाहन के अंदर का तापमान खतरनाक स्तर तक बढ़ सकता है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ओरल डिहाइड्रेशन थेरेपी ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए हैं और लू से प्रभावित मरीजों के उपचार के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन सावधानियों का पालन करेंए जागरूक रहें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी लू से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करें। बढ़ती गर्मी के इस दौर में थोड़ी सी सतर्कता ही बड़े खतरे से बचा सकती है।

### राजस्व पखवाड़ा में हो रहा त्वरित निराकरण




**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में ग्राम मल्दा ब में गुरुवार को क्लस्टर स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया गयाए जिसमें ग्रामीणों को अतिथियों, कलेक्टर, एसडीएम तहसीलदार के द्वारा राजस्व कार्य के त्वरित निराकरण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक टीकाराम पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, सदस्य हरिहर, एसडीएम वर्षा बंसल, डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, तहसीलदार एनके सिन्हा, प्रकाश पटेल सहित सारंगढ़ तहसील के राजस्व निरीक्षकए पटवारी सहित बड़ी संख्या में तहसील के ग्रामीण और किसान उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों ने बी 1 नकल, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, डायवर्सन, वृक्ष कटाई की अनुमति, द्वितीय प्रति किसान किताब, आय. जाति. निवास प्रमाण पत्र, अभिलेख त्रुटि सुधार, रिकॉर्ड दुरूस्ती तथा वन पट्टा का फौती नामांतरण, प्राकृतिक आपदा, इत्यादि प्रकरणों के दस्तावेज 42 किसानों को वितरित किये। किसानों ने अपने कार्य के शीघ्र निराकरण के कार्रवाई को मंच के माध्यम से सबके सामने बखान किया और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित पूरे जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ प्रबंध समिति की बैठक कल

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ की प्रबंध समिति की बैठक रविवार 12 अप्रैल को नहरिया बाबा रोड तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ कार्यालय जांजगीर में होगी।

# ढाई करोड़ लीटर से ज्यादा गंदा पानी सफाई कर बेचा जाएगा, निगम ने भेजा जिंदल को प्रस्ताव

**अनुबंध होने के बाद निगम को साढ़े 3 करोड रुपए से ज्यादा की होगी आमदनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




शहर में 12 नाले नालियों का गंदा पानी केलो नदीं में बहाया जा रहा है। अब निगम इस गंदे पानी को साफ कर कंपनियों को बेचने की योजना बना रहा है। इसके लिए दोनों ट्रीटमेंट प्लांट तैयार है।

योजना के मुताबिक नगर निगम द्वारा संचालित 25 एमएलडी बाझीनपाली एसटीपी (सीवर ट्रीटमेंट प्लांट) एवं बड़े अतरमुड़ा में संचालित 7 एमएलडी से निगम प्रशासन को साढे तीन करोड रुपए से ज्यादा की आमदनी होगी। इसके लिए जेएसपीएल प्रबंधन से बातचीत चल रही है क्योंकि वर्तमान में जेएसपीएल का अनुबंध जल संसाधन विभाग से है इसलिए जून 2027 में निगम प्रशासन के साथ एसटीपी का पानी जेएसपीएल को सप्लाई करने की उम्मीद है। निगम के मुताबिक दोनों एसटीपी से शहर के नालों से निकले ढाई करोड़ लीटर से ज्यादा गंदे पानी को वैज्ञानिक तरीके से साफ कर वापस केलो नदी में छोड़ा जाता है। इसके लिए नदी के दोनों छोर पर छह-छह इंटर्वर्जन डायवर्सन लगाया गया है, जो नदी के दोनों छोर के मुख्य नालो को जोड़ता है।

यहां सबसे पहले मैन्युअल स्क्रीनिंग याने नाली के पानी में बहकर आने वाले बड़े कचरा जिसमें पन्नी, झिल्ली, प्लास्टिक, डिस्पोजल झाड़ियां आदि को अलग किया जाता है। इसके बाद छठ घाट और शनि मंदिर स्थित पंपिंग स्टेशन से नाले के पानी को एसटीपी भेजा जाता है। एसटीपी के प्राइमरी यूनिट में लगे कन्वेयर से पानी से कचरे के छोटे पार्ट को अलग किया जाता है। इसके बाद इसे एसबीआर टैंक में भेजा जाता है।

### इस तरह काम करता है एसबीआर सिस्टम

गौरतलब है कि एसबीआर एक ऐसा सिस्टम है, जिसमें गंदा पानी भरना, उसे हवा देकर साफ करना, गंदगी को बैठाना और साफ पानी निकालना यह सब एक ही टैंक में क्रम से होता है। यह पूरा 4 घंटे का प्रोसेस होता है। इसके बाद पानी को क्लोरीन कांटेक्ट टैंक में भेजा जाता है। यहां हाइपो क्लोरोस क्लोरीन की क्लोजिंग होती है। एसबीआर ट्रीटमेंट प्रक्रियाओं जैसे (एरिएशन, सैटलिंग, आदि) से गुजरकर पानी साफ हो जाता है, तब भी उसमें कुछ हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस और सूक्ष्म जीव बचे हो सकते हैं। पानी की शुद्धता के लिए इसमें 0.5 पीपीएम (पार्ट्स पर मिलियन) क्लोरीन मिलाया जाता है। इसके बाद ही ट्रीटेड पानी को वापस नदी में छोड़ा जाता है। एसटीपी से साफ पानी को सीधे नदी में नहीं छोड़कर उद्योगों को उनके उपयोग के लिए सप्लाई कर इससे आर्थिक लाभ लेने का लगातार प्रयास निगम प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।

### 3:50 करोड़ से ज्यादा की होगी निगम को कमाई

अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में जेएसपीएल द्वारा जल संसाधन विभाग से 3.50 रुपए पर किलो लीटर के हिसाब से लिया जा रहा है। एक एमएलडी में 10 लाख लीटर होता है। इस तरह निगम प्रशासन को हर साल 3. 50 करोड रुपए से ज्यादा की कमाई एसटीपी के पानी से होगी। अधिकारियों के अनुसार एसटीपी में डिवाटरिंग मशीन के माध्यम से नालों के पानी में आए स्लज यानी कीचड़ को अलग किया जाता है। इस कीचड़ को प्रक्रिया कर कंपोस्टिंग किया जाता है। इससे उच्च कोटि का जैविक खाद बनता है जो गार्डनिंग एवं पेड़ पौधों के विकास के लिए बहुत ही उपयोगी होता है। इसे भी मार्केट में बिक्री कर निगम आराम से अच्छी आमदनी कमाई कर सकती है।

> गंदे पानी को साफ कर कंपनियों को बेचने की योजना है। इसके लिए दोनों ट्रीटमेंट प्लांट तैयार है। जेएसपीएल प्रबंधन से बातचीत चल रही है क्योंकि वर्तमान में जेएसपीएल का अनुबंध जल संसाधन विभाग से है इसलिए जून 2027 में निगम प्रशासन के साथ एसटीपी का पानी जेएसपीएल को सप्लाई करने की उम्मीद है।
>
> **बृजेश सिंह क्षत्रिय**
> आयुक्त, नगर निगम।

**मरीन ड्राइव तो ठीक लेकिन इसके बनने से पहले केलो को मरने से बचाना होगा**

# केलो के दोनों किनारों पर बनेगा रिवर फ्रंट 90 करोड़ की योजना दो साल में होगी पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




केलो नदी के किनारे करीब साढ़े तीन किमी का हिस्सा अगले दो सालों में शानदार हो जाएगा और मरीन ड्राइव बन जाएगा। यह दावा निगम के साथ ही प्रशासन के अधिकारी कर रहे हैं। ऐसा होता है तो अच्छा है लेकिन उससे पहले केलो नदी में जो बड़े बड़े बोल्डर के साथ इंट, गिट्टी रेती डाली जा रही है। उस पर रोक लगाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। हाल यह है कि केलो के तट को तो सुधारा जा रहा है लेकिन नदी की दुर्गति की जा रही है। मरीन ड्राइव बनने से पहले केलो को मरने से बचाना होगा।

देखा जाए तो शहर की सीमा में दाखिल होते ही केलो नदी का स्वरूप बिगड़ जाता है। किनारों पर अतिक्रमण, कचरा डंपिंग, गंदा पानी छोड़ने के कारण नदी दूषित होती है। पूर्व में बनाया गया मरीन ड्राइव भी टूट चुका है। इसलिए नदी के दोनों किनारों पर कयाघाट से खर्राघाट तक चार भागों में निर्माण करने की योजना बनी है। अधिकारियों के मुताबिक केलो नदी के दोनों किनारों पर रिवरफ्रंट कॉरीडोर का निर्माण होगा। दो हिस्सों का टेंडर भी हो चुका है। एक भाग को एसईसीएल बनाएगा जिसके लिए करीब 44 करोड़ में ठेका दिया गया है।

### बोंदाटिकरा पुल से जुड़ेगा मरीन ड्राइव

आने वाले समय में एसईसीएल ऑफिस से आगे नदी किनारे बोंदाटिकरा पुल तक कॉरीडोर को बढ़ाया जाएगा। इससे लोगों को झारसुगुड़ा एनएच तक पहुंचना सुविधाजनक हो जाएगा। अभी लोगों को पूरा शहर क्रॉस करने के बाद ही एनएच तक पहुंचना पड़ता है। इस भाग में कुछ अवैध निर्माण भी हैं। निजी भूमि भी इसकी जद में आ रही है। इसके अलावा नालंदा परिसर से केलो नदी के दूसरी ओर कैफेटेरिया का निर्माण होना था। जहां तोडफ़ोड़ की गई थी। दोनों के बीच नदी में सस्पेंशन ब्रिज बनाने की योजना थी। लेकिन लागत बहुत ज्यादा होने के कारण इसे ड्रॉप कर दिया गया है। वहीं कैफेटेरिया की जगह पर सियान सदन बनाने का प्रस्ताव है। कैफेटेरिया को नालंदा परिसर में ही बनाया जाएगा।

> केलो नदी किनारे के दो हिस्सों में रिवरफ्रंट का टेंडर फाइनल हो चुका है। एक तरफ एसईसीएल पूरा निर्माण करेगा। दूसरी ओर एनटीपीसी से सीएसआर के तहत राशि दी जाएगी।
>
> **बृजेश सिंह क्षत्रिय**
> कमिश्नर, नगर निगम

### छठघाट तक होगा नवनिर्माण

इसके अलावा तोडफ़ोड़ के बाद खाली हुए प्रगति नगर से कयाघाट छठघाट तक केलो रिवरफ्रंट कॉरीडोर का निर्माण होना है। इसके लिए शासन ने करीब 29.56 करोड़ की मंजूरी दी थी। इसका टेंडर भी फाइनल हो चुका है। बाराद्वार के संजय केडिया ने करीब 26 करोड़ में इसका ठेका लिया है। छठघाट को भी नया स्वरूप मिल जाएगा। कयाघाट में नए पुल के साथ रिवरफ्रंट कॉरीडोर की हाईट को मिलाया जाएगा ताकि ट्रैफिक आसानी से डायवर्ट हो सके।

### रिवरफ्रंट कॉरीडोर के लिए एसईसीएल ने दिए 44 करोड़

केलो पुल से कयाघाट एसईसीएल ऑफिस तक रिवरफ्रंट कॉरीडोर निर्माण के लिए 44.66 करोड़ की मंजूरी एसईसीएल ने दी थी। सीएसआर से होने वाले इस काम का टेंडर भी फाइनल हो चुका है। कोरबा की फर्म अशोक कुमार मित्तल को ठेका मिला है। बताया जा रहा है कि 1.3 किमी लंबे निर्माण के लिए काम जल्द शुरू होगा। इसके साथ ही एसईसीएल ने ही कयाघाट से खर्राघाट तक केलो नदी के एक किनारे के डेवलपमेंट के लिए सीएसआर से करीब 87 करोड़ की मंजूरी दी है। दावा किया जा रहा है कि दूसरे चरण में केलो पुल से खर्राघाट तक निर्माण कार्य अगले वित्तीय वर्ष में प्रारंभ हो जाएगा।

### एनटीपीसी देगा सीएसआर के तहत राशि

केलो नदी के दूसरे किनारे में भी रिवरफ्रंट कॉरीडोर का निर्माण किया जाना है। शनि मंदिर से खर्राघाट पुल तक के हिस्से को एनटीपीसी बनवाएगा। सीएसआर के तहत एनटीपीसी ही राशि स्वीकृत करेगा। इसके बाद कलेक्टर निर्माण एजेंसी तय करेंगे। इस भाग को भी लोगों की रुचि के हिसाब से तैयार किया जाएगा। एनटीपीसी के साथ चर्चा चल रही है। प्रशासकीय मंजूरी मिलने के बाद डीपीआर का काम शुरू होगा।

# साढ़े सात लाख का पाइप और ट्रक बेचकर दो साल से था फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



ऑपरेशन "तलाश" में रायगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दो साल से फरार ट्रक मालिक को अम्बिकापुर से गिरफ्तार किया है। इससे पहले अमानत में खयानत के मामले में पूंजीपथरा पुलिस ने ट्रक ड्रायवर को पहले की गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस के मुताबिक आरोपी ड्रायवर और वाहन मालिक की सांठगांठ थी और चालक ने ट्रक मालिक के कहने पर ट्रक मालिक के गोदाम में पाइप उतारा था। मामले में पुलिस ने 7.31 लाख कीमत के 12.500 मैट्रिक टन एम.एस. पाइप की बरामदगी की है। मामले की अनुसार, प्रार्थी संदीप कुमार दुबे, सुपरवाइजर एस.एस. स्टील एंड पावर प्लांट पाली द्वारा 25 जून 2024 को थाना पूंजीपथरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें कहा गया था कि 9 जून 2024 को ट्रक क्रमांक CG 15 DD 7119 के माध्यम से 12.500 मैट्रिक टन एम.एस. पाइप (कीमत 7,31,370) बंसल ट्रेडर्स सूरजपुर भेजा गया था। चालक द्वारा लेकिन माल गंतव्य तक नहीं पहुंचाया गया। संदेह होने पर संपर्क करने पर चालक द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। बाद में माल के गबन की जानकारी मिलने पर पुलिस ने आरोपी चालक अवधेश कुमार मेहत्ता उर्फ उदेश के खिलाफ धारा 407 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया था।

### प्लांट से माल लाकर गोदाम में खाली किया

जांच के दौरान 4 अगस्त 2024 को आरोपी चालक को अम्बिकापुर से गिरफ्तार किया गया, जिसने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने ट्रक मालिक गौतम साहू के निर्देश पर प्लांट से माल लाकर उसके गोदाम में खाली किया था। पुलिस ने उसके मेमोरेंडम के आधार पर सारा माल (एम.एस. पाइप) बरामद कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। प्रकरण में उपयोग किए गए ट्रक कमांक सीजी 15 डी. डी. 7119 एवं वाहन स्वामी गौतम साहू का पता किया गया । आरोपी गौतम साहू ट्रक लेकर सकुनत से फरार होने से गौतम साहू के विरूद्ध फरारी पंचनामा तैयार कर गिरफ्तार आरोपी उदेश कुमार कुशवाहा उर्फ अवधेश के विरूद्ध धारा 173 (8) जा.फौ. के तहत दिनांक 3 अप्रैल 2024 को चालान न्यायालय पेश किया गया।

### माल गबन के साथ ट्रक को भी बेच दिया

इसके बाद ऑपरेशन तलाश में प्रकरण के फरार आरोपी गौतम साहू की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक रामकिंकर यादव द्वारा मुखबीर लगाकर सरगर्मी से पतासाजी की जा रही थी, जो घटना के बाद फरार हो गया था। लगातार प्रयास और मुखबिर तंत्र की सक्रियता के चलते पूंजीपथरा पुलिस को सूचना मिली कि फरार आरोपी गौतम साहू अम्बिकापुर में छिपकर रह रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने चालक के साथ मिलकर माल को अपने गोदाम में रखवाना और घटना में प्रयुक्त ट्रक को बेच देना स्वीकार किया। आरोपी गौतम साहू पिता देव साहू उम्र 29 वर्ष निवासी दर्रापारा अम्बिकापुर, थाना मणिपुर जिला सरगुजा को 9 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# 12 फीट ऊपर से गिरा स्टील प्लांट का कर्मचारी,गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में स्थित रूपाणाधाम स्टील प्लांट में काम के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। करीब 10-12 फीट की ऊंचाई से गिरने पर बायरल फायर मैन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना पूंजीपथरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार गेरवानी स्थित रूपाणाधाम स्टील प्राइवेट लिमिटेड में रोज की तरह काम चल रहा था। पिछली रात प्लांट के बायरल क्षेत्र में बायरल फायर मैन के पद पर कार्यरत दीपक चौहान (22) निवासी राबो, ड्यूटी पर था। इसी दौरान वह अचानक लगभग 12 फीट ऊंचाई से गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। हादसा देख अन्य श्रमिकों ने तुरंत कंपनी प्रबंधन को सूचना दी। इसके बाद घायल दीपक को गंभीर हालत में फोर्टिस जिंदल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है।

# कलेक्टर ने किया निरीक्षण व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बरमकेला धान संग्रहण केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संग्रहण केंद्र में रखे धान की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की बारीकी से जांच की। उन्होंने सबसे पहले केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जानकारी ली और यह सुनिश्चित किया कि निगरानी व्यवस्था सुचारु रूप से चालू हो रही है या नहीं। इसके साथ ही उन्होंने धान के भंडारण की स्थिति का अवलोकन करते हुए देखा कि आकस्मिक बरसात से कहीं धान को किसी प्रकार का नुकसान तो नहीं पहुंचा है। कलेक्टर ने विशेष रूप से धान के स्टैक भंडारण ढेर का निरीक्षण किया और यह सुनिश्चित किया।

**7 किलो गांजा, 2 मोटरसाइकिल, मोबाइल और नकदी जब्त, आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया**

# तीन दिनों में गांजा तस्करी के 3 मामलों का खुलासा, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- थाना साइबर, चक्रधरनगर और घरघोड़ा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



ऑपरेशन "आघात" में बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन दिनों में गांजा तस्करी के 3 मामलों का खुलासा किया है। मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं इनमें से 7 किलो गांजा, 2 मोटरसाइकिल, मोबाइल और नकदी जब्त किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पिछले दो दिनों में थाना साइबर, चक्रधरनगर और घरघोड़ा पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक पहली कार्रवाई 7 अप्रैल को की गई, जब पुलिस टीम को सूचना मिली कि विजयपुर मरघट्टीपारा निवासी अमित एक्का अपने घर पर गांजा रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल दबिश देकर आरोपी के घर की तलाशी ली गई, जहां कमरे के भीतर लकड़ी के तखत के नीचे प्लास्टिक थैले में छिपाकर रखा गया। मौके से एक किलो 300 ग्राम गांजा एवं बिक्री की राशि 12,500 बरामद की गई। जप्त गांजा की कीमत लगभग 26,000 आंकी गई।

### मोटरसाइकिल से गांजा बिक्री कर रहे थे

दूसरी कार्रवाई 8 अप्रैल को की गई, जब मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से गांजा लेकर गोवर्धनपुर की ओर बिक्री के लिए आ रहे हैं। सूचना पर साइबर और चक्रधरनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर काले रंग की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (**MH** 36 **C** 7479) में सवार दो व्यक्तियों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम राजू कुमार सिंह और रीशन कुमार सिंह बताए, जो बिहार के निवासी हैं और वर्तमान में सारंगढ़ क्षेत्र में रह रहे थे। तलाशी में उनके पास से 02 किलो 20 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसे जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी), 29 के तहत कार्रवाई की गई।

### सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट

तीसरी कार्रवाई 9 अप्रैल 2026 को थाना घरघोड़ा पुलिस द्वारा की गई, जिसमें थाना के सामने लैलूंगा रोड पर नाकेबंदी कर एक हीरो एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल (**CG** 14 **ML** 1015) में सवार दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम विजय सिदार और शिवव्रत सिदार बताए। तलाशी के दौरान उनके पास रखे बैग से कुल 03 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 1,75,000 आंकी गई। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध थाना घरघोड़ा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### बंद योजनाओं के जमा अवशेष राशि के सम्बन्ध में कलेक्टर ने ली बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला प्रमुख डॉ संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में वित्तीय मामलों से जुड़े बंद योजनाओं के अवशेष राशि को जमा करने के सम्बन्ध में जिले के चिन्हित आहरण एवं संवितरण डीडीओ अधिकारियो के साथ कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में बैठक लिया गया। कलेक्टर ने ऐसे बैंक खाता से प्रक्रिया पालन करने के निर्देश दिए। जिला कोषालय अधिकारी उत्तम तुरकाने ने कहा किए ऐसे बैंक खाता जिसमें राशि 10 साल से अधिक अवधि तक जमा है, उसको प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया का पालन कर वह राशि प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर उप कोषालय अधिकारी हरिराम पटेल उपस्थित थे। डीफ बैंक अकाउंट वह होता है जिसमें 10 साल से अधिक समय से कोई लेन.देन नहीं हुआ है।

## खबर संक्षेप

### गन्ने के खेत में गिरे किशोर की मौत

**अंबिकापुर।** मवेशी को पानी पिलाने नदी किनारे गए किशोर की गन्ने के खेत में गिरने से संदिग्ध रूप से मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है। बताया जा रहा है कि बतौली देवरी निवासी 16 वर्षीय समीर तिग्गा आ. सुलेमान तिग्गा को बचपन से ही पेट में दर्द की समस्या थी और गांव में ही उसका उपचार कराय जाता था। 8 अप्रैल को किशोर गांव के समीप नदी किनारे मवेशियों को पानी पिनाले गया हुआ था। इस दौरान वह गन्ने के खेत में बेहोश होकर गिर गया। परिजन द्वारा युवक को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भरत कराया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक की मौत, 1 गंभीर

**अम्बिकापुर।** अलग-अलग दुर्घटनाओं में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई वहीं एक तेज रफ्तार कार के सड़क किनारे पेड़ से टकराने के कारण एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं कार में सवार तीन अन्य लोग चोटिल हो गए। पहली दुर्घटना कल्याणपुर मार्ग स्थित चंदनबाड़ी के निकट घटित हुई। बताया जा रहा है कि बिश्रामपुर से चार व्यक्ति बरियों पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम डकवा अपने रिश्तेदार के घर आए थे तथा गुरूवार को शाम नई बिना नम्बर की कार से वापस घर लौट रहे थे। तेज रफ्तार कार जैसे ही कल्याणपुर मार्ग स्थित चंदनबाड़ी के पास पहुंची अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई वहीं आगे की सीट पर बैठा सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि अन्य तीन सवारों को भी चोटें आई है। घायलों को तत्काल बरियों स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार उपरांत गंभीर रूप से घायल सवार को तत्काल अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया जबकि अन्य घायलों का उपचार स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। दूसरी घटना शंकरगढ़ की है जहां रात्रि 9 बजे अमृत पैकरा पिता भक्तु पैकरा (20वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 30 डी 9819 से बस्ती की ओर निकला था। इस दौरान चिरई बस्ती के पास विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 15 एफ 3198 ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक पिकअप छोड़कर फरार हो गया। मृतक का शव देर तक सड़क पर ही पड़ा रहा। यात्रियों ने घटना की सूचना दी तो पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं शव को पीएम के लिए भेजा।

### विद्युत ठेकेदार संघ ने मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** बुधवार को सरगुजा विद्युत ठेकेदार संघ ने मुख्य अभियंता से मुलाकत की। इस दौरान पंजीकृत ठेकेदारों ने कार्य के दौरान आने वालों समस्याओं को लेकर छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के कारण कार्य निष्पादन प्रभावित हो रहा है, जिससे न केवल ठेकेदारों की आजीविका पर असर पड़ रहा है, बल्कि उनसे जुड़े श्रमिकों के रोजगार पर भी संकट उत्पन्न हो गया है। वर्तमान में नए सेवा कनेक्शन, विस्तार एवं स्थानांतरण के कार्यों को 21 लाख रूपए की उच्च राशि वाले टेंडर में शामिल किया जा रहा है। इससे छोटे एवं मध्यम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए कार्य प्राप्त करना कठिन हो गया है। इसके अलावा, पूर्व में कृषि पंप संबंधी निविदाएं कार्यपालन अभियंता (परियोजना) एवं अधीक्षण अभियंता स्तर पर जारी की जाती थीं, जिससे स्थानीय ठेकेदारों को अवसर मिलता था और कार्य समय पर पूर्ण होते थे, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में यह प्रक्रिया सीमित हो गई है। ठेकेदारों ने यह भी बताया कि नवीन आदेश के तहत 5 लाख एवं 20 लाख रूपए की सीमा निर्धारित किए जाने से पंजीकृत ठेकेदारों के कार्यक्षेत्र में कमी आई है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि अधीक्षण अभियंता (परियोजना) का कार्यालय क्षेत्रीय स्तर पर स्थापित किया जाए, क्योंकि वर्तमान में सीमित स्थानों पर ही कार्यालय होने से कार्य संचालन एवं समन्वय में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं।

# वर्षों पुरानी परंपरा को जीवित रखने वाले बच्छरांव साप्ताहिक बाजार में सुविधाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित

बादलखोल अभयारण्य के घने जंगलों के बीच बसे ग्राम पंचायत बच्छरांव का साप्ताहिक बाजार आज भी ग्रामीण जीवन की असली तस्वीर पेश करता है। वर्षों पुरानी परंपरा को जीवित रखने वाला यह बाजार प्रत्येक सप्ताह गुरुवार के दिन आसपास के दर्जनों गांवों के लिए जीवनरेखा बन जाता है। सुबह होते ही दूर-दराज के गांवों से लोग पैदल, साइकिल चार पहिया वाहन और मोटरसाइकिल, से यहां पहुंचते हैं। देखते ही देखते पूरा इलाका भीड़ से भर जाता है और बाजार अपने पूरे शबाब में नजर आता है।

आदिवासी बाहुल्य इस क्षेत्र में बच्छरांव का बाजार लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों का सबसे बड़ा केंद्र है। यहां नमक, तेल, साबुन, राशन से लेकर सब्जी, फल, अनाज, कपड़े, बर्तन, लोहे-लकड़ी के औजार,मिट्टी के बर्तन और बच्चों के खिलौनों तक सब कुछ उपलब्ध रहता है। किसान अपनी उपज लेकर आते हैं, तो छोटे व्यापारी और कारीगर अपने सामान बेचकर परिवार का गुजारा चलाते हैं। यही कारण है कि यह बाजार सिर्फ खरीद-फरोख्त का स्थान नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी बना हुआ है। बाजार में उमड़ने वाली भीड़ इस बात का प्रमाण है कि आज भी गांवों में साप्ताहिक बाजारों की अहमियत कम नहीं हुई है।



**क्या कहते हैं ग्रामीण:** स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जब हर सप्ताह इतनी बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं, तो शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा का होना बेहद जरूरी है। पंचायत और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह स्थिति और गंभीर हो सकती है।

**सामाजिक जुड़ाव का मजबूत केंद्र:** बच्छरांव का यह साप्ताहिक बाजार आज भी परंपरा, जरूरत और सामाजिक जुड़ाव का मजबूत केंद्र बना हुआ है, लेकिन अब इसे बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने की जरूरत है, ताकि यह हाट न केवल ग्रामीणों की जरूरतें पूरी करे, बल्कि उन्हें सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण भी प्रदान कर सके।

**भेजा गया है प्रस्ताव :** बच्छरांव सरपंच, शंकर राम बराला का कहना है कि जनपद पंचायत बगीचा से सामुदायिक शौचालय की मांग की गई है जिसका प्रस्ताव भेजा जा चुका है पर अब तक काम की स्वीकृति नही मिली है। स्वीकृति मिलते ही शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

#### भीड़ बढ़ी पर सुविधाएं नहीं

इस बाजार में भीड़ और रौनक के बीच एक कड़वी सच्चाई भी सामने आती है। इतने बड़े बाजार में आज तक शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव बना हुआ है। बाजार परिसर में शौचालय नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं को उठानी पड़ती है। उन्हें खुले में जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जो न केवल असुविधाजनक है बल्कि सुरक्षा और स्वच्छता के लिहाज से भी बेहद चिंताजनक है।

#### तत्काल होगा निर्माण

ग्राम पंचायत बच्छरांव का साप्ताहिक बाजार परिसर में सामुदायिक शौचालय नहीं होने की जानकारी आपसे मिल रही है। बाजार में एक शौचालय का होना बहुत जरूरी है। तत्काल वहां शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

-मुख्य कार्यपालन अधिकारी
विनोद सिंह जनपद पंचायत बगीचा

### नारायणपुर थाना क्षेत्र के बिलासपुर कुसुमडार गांव की घटना

# दातून तोड़ने जंगल गए बुजुर्ग को हाथी ने मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ पूरे गांव में सन्नाटा और दहशत का माहौल

नारायणपुर थाना क्षेत्र के बिलासपुर कुसुमडार गांव में गुरुवार की सुबह दातुन तोड़ने जंगल गए 83 वर्षीय बुजुर्ग को हाथी ने बेरहमी से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा और दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, कुनकुरी रेंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिलासपुर कुसुमडार निवासी बुधनाथ राम चौहान उम्र 83 वर्ष कल गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे अपने घर से दातुन तोड़ने के लिए निकले थे। वे बेलजोरा नाला पार कर महज 800 मीटर दूर स्थित गिद्दाबहार जंगल पहुंचे थे, जहां पहले से ही दो जंगली हाथी विचरण कर रहे थे।बताया जा रहा है कि जैसे ही बुजुर्ग दातुन तोड़ने में व्यस्त थे, अचानक उनका सामना हाथियों से हो गया। हाथियों को सामने देख जान बचाकर भागने का प्रयास करने लगे,लेकिन उम्रदराज होने के कारण बुधनाथ राम चौहान तेज़ी से भाग नहीं सके।



#### इलाके में अब भी मंडरा रहा खतरा

जिस स्थान पर यह दर्दनाक हादसा हुआ है, वहां अब भी दो जंगली हाथियों की मौजूदगी बताई जा रही है। इसे देखते हुए वन विभाग ने गांव में मुनादी कर लोगों को उस क्षेत्र में जाने से सख्ती से मना किया है।ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे जंगल की ओर अकेले न जाएं, सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या जंगली जानवर की सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

#### क्या कहते हैं वन अधिकारी

वन परिक्षेत्राधिकारी कुनकुरी, सुरेंद्र होता ने बताया किकल सुबह 10 बजे की घटना है समीप के नाला में नहाने गया उससे पहले दातुन के लिए नाला किनारे जंगल मे गया था जंहा उसका सामना हाथी से हो गया ओर हाथी ने सूंड़ से पटक कर जान ले लिया, शव को पीएम कराकर परिवार को सुपुर्द कर दिया गया है। विभाग की ओर से तत्काल सहायता राशि 25 हजार दे दी गई है।

#### सूंड से जकड़ा

इसी बीच एक हाथी ने उन्हें अपनी सूंड से जकड़ लिया और जोर से पटक दिया। गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग ओर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कुनकुरी अस्पताल भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद शव को अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया। वन विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को तत्काल राहत के रूप में 25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। वहीं विभाग की टीम लगातार इलाके में निगरानी बनाए हुए है।

# खाद बिक्री में अनियमितता, 10 दुकानों को नोटिस

■ कृषि विभाग के मैदानी अमले ने खाद, बीज एवं दवा दुकानों का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** किसानों को सही समय पर सही दर पर खाद एवं बीज उपलब्ध हो इस हेतु कृषि विभाग के उप संचालक सहित समस्त मैदानी अमले द्वारा निजी क्षेत्र के खाद, बीज एवं दवा दुकानों का सतत रूप से निरीक्षण किया जा रहा है।

खरीफ विपणन वर्ष 1 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। अब तक खरीफ उर्वरक का लक्ष्य 26675 मे.टन के विरूद्ध में जिले में अबतक 11306 मे.टन का उर्वरक भण्डारण कर 149 मे.टन खाद का वितरण किया जा चुका है। इस तारतम्य में उप संचालक कृषि द्वारा जिले के कुल 10 दुकानों का स्वयं के द्वारा निरीक्षण किया गया एवं कमी यथा उर्वरक दर का डिस्पले नहीं होना, स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं किया जाना, किसानों को खाद विक्रय करने का रजिस्टर संधारण नहीं किया जाना, किसानों को खाद विक्रय की रसीद नहीं दिया जाना आदि अनियमितता पाये जाने पर 10 दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें मं. अन्नपूर्णा खाद भण्डारण पत्थलगांव, राम सेल्स पत्थलगांव, ओमप्रकाश अवग्रवाल बगीचा, संजय अग्रवाल, बगीचा, नीशांत ट्रेड्स कांसाबेल, विनायक एग्रो कोतबा, न्यू आदेर्श कृषि केन्द्र, कोतबा, बालाजी खाद भण्डार पत्थलगांव, राहुल कृषि केन्द्र सन्ना एवं जैन कृषि केन्द्र सन्ना शामिल हैं। जिले के सभी उर्वरक विक्रेताओं को शासकीय दर पर एवं बोई जाने वाली फसल के रकबे के अनुसार ही उर्वरक का विक्रय करने के लिए निर्देशित किया गया है।



## पत्थलगांव की दो दुकानों में जांच

**पत्थलगांव।** कृषि विभाग के द्वारा उर्वरक दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जगरनाथ कृषि केंद्र सरईटोला द्वारा स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर का संधारण नहीं करने एवं श्वेता गुप्ता कृषि केंद्र गंझियाडीह के द्वारा स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर का संधारण नहीं करने, डीएपी की खुली बोरी में अन्य खाद मिलने एवं गोदाम में अनियमितता पाए जाने के कारण एसडीओ कृषि द्वारा नोटिस जारी कर 7 दिवस में जवाब मांगा गया है। जवाब नहीं मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में कृषि विभाग से आरके पैकरा एसडीओ कृषि पत्थलगांव, नंदेराम भगत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी फरसाबहार, देवकांत अजगल्ले उर्वरक निरीक्षक फरसाबहार शामिल रहे।



# एसबीआई ने ग्राहकों को 40 लाख रुपए मूल्य के सिक्के और नए नोट का किया वितरण

■ एसबीआई का भव्य सिक्का व नई मुद्रा वितरण मेला आयोजित

**रायगढ़।** शहर के केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एसबीआई की मुख्य शाखा में सिक्का एवं नई मुद्रा वितरण मेले का आयोजन किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार आयोजित इस विशेष अभियान का उद्देश्य बाजार में छोटे मूल्यवर्ग की मुद्रा की उपलब्धता सुनिश्चित करना और आमजन को सुगम लेन.देन की सुविधा प्रदान करना रहा।

इस मेले के दौरान बैंक द्वारा करीब 40 लाख रुपए मूल्य के सिक्के एवं नए नोट ग्राहकों के बीच वितरित किए गए। कार्यक्रम में लगभग 275 लोगों ने भाग लेकर अपनी पुरानी मुद्रा को नए नोटों और सिक्कों से बदला। विशेष रूप से 1 रुपये के सिक्कों के साथ साथ 10, 20 और 50 रुपये के नोटों का वितरण किया गया, जिससे बाजार में लंबे समय से बनी छुट्टे पैसों की समस्या को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। हाल के दिनों में दुकानदारों द्वारा छुट्टे पैसे के अभाव में ग्राहकों को टॉफी या अन्य वस्तुएं देने की प्रवृत्ति बढ़ गई थी। ऐसे में इस वितरण मेले के माध्यम से आम नागरिकों और व्यापारियों को पर्याप्त मात्रा में सिक्के उपलब्ध कराए गए, जिससे अब उपभोक्ताओं को सही मूल्य पर उचित राशि वापस मिलने की उम्मीद है और बाजार में लेन.देन अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित हो सकेगा। अग्रणी बैंक प्रबंधक कमल किशोर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वास्तव में सिक्कों और छोटे नोटों की कोई गंभीर कमी नहीं है, बल्कि लोग इन्हें अपने पास संचित कर लेते हैं, जिससे बाजार में उनका प्रवाह बाधित होता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सिक्कों का नियमित उपयोग करें और उन्हें बाजार में चलन में बनाए रखें, ताकि नकदी लेन देन में संतुलन बना रहे। मुख्य प्रबंधक क्षितेश्वर पटेल ने कहा कि सिक्का केवल मुद्रा नहीं, बल्कि आर्थिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है और हर नागरिक का दायित्व है कि वह इसका सम्मान करें। उन्होंने यह भी कहा कि खुले पैसों के बदले टॉफी या अन्य वस्तुएं लेने की आदत को समाप्त करना चाहिए, क्योंकि इससे उपभोक्ताओं को वास्तविक आर्थिक नुकसान होता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आवश्यकता अनुसार भविष्य में भी इस प्रकार के मेले आयोजित किए जाएंगे, ताकि आम जनता को सुविधा मिलती रहे।

इस अवसर पर बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा स्वच्छ नोट नीति के तहत लोगों को साफ सुथरे नोटों के उपयोग, क्षतिग्रस्त नोटों को बदलने की प्रक्रिया तथा मुद्रा नोटों की सुरक्षा विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को यह भी बताया गया कि वे किस प्रकार अपने नोटों की पहचान कर सकते हैं और जाली नोटों से बच सकते हैं। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यापार कार्यालय रायगढ़ के क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मेंद्र रावत, शाखा प्रबंधक क्षितेश्वर पटेल, करेंसी चेस्ट प्रभारी विक्रम चौधरी सहित बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर आम नागरिकों, व्यापारियों और ग्राहकों में उत्साह देखने को मिला और सभी ने इस पहल को अत्यंत उपयोगी व सराहनीय बताया।

## 72 घंटे के अखण्ड संकीर्तन में गूंज रहा हरि नाम

**जशपुरनगर।** महाकुल यादव समाज सेवा समिति बगीचा के तत्वावधान में आयोजित श्री हरि अखण्ड संकीर्तन चौबीस प्रहरी, 72 घंटे का भव्य आयोजन पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना रहा है। 7 अप्रैल से प्रारंभ हुआ यह धार्मिक महायज्ञ 11 अप्रैल शनिवार को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा। गुरुवार की संध्या आयोजित अष्ट प्रहरी महायज्ञ में प्रदेश के मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय विशेष रूप से शामिल हुईं। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की और आयोजन की सराहना की। इस भव्य आयोजन में जिले भर से अनेक कीर्तन मंडलियां भाग ले रही हैं, जो निरंतर हरे कृष्ण हरे राम की मधुर धुनों से वातावरण को भक्तिरस में डुबो रही हैं। पूरे क्षेत्र में भक्ति की ऐसी बयार बह रही है कि हर कोई मंत्रमुग्ध हो उठा है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर कीर्तन, भजन और महायज्ञ में भाग ले रहे हैं। आयोजन स्थल पर उमड़ी आस्था की यह भीड़ इस धार्मिक कार्यक्रम की भव्यता और लोकप्रियता को दर्शाती है। पूरे क्षेत्र में गूंज रहे हरिनाम संकीर्तन ने बगीचा को मानो एक आध्यात्मिक धाम में परिवर्तित कर दिया है, जहां हर कोई भक्ति और श्रद्धा में लीन नजर आ रहा है।

# खरसिया शिविर में 250 से अधिक लोगों ने करायी स्वास्थ्य जांच, 10 ने किया रक्तदान

**रायगढ़।** खरसिया में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। दूरस्थ क्षेत्रों से आए लोगों के लिए यह शिविर काफी लाभकारी साबित हुआ, जहां उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

शिविर में 250 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें 253 व्यक्तियों का उच्च रक्तचाप परीक्षण, 153 का शर्करा जांच, 26 लोगों का नेत्र परीक्षण, 96 व्यक्तियों का हीमोग्लोबिन जांच तथा 56 लोगों का विभिन्न प्रकार के लैब परीक्षण किए गए। इन जांचों के माध्यम से कई लोगों में प्रारंभिक अवस्था में ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान की गई, जिससे समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा। शिविर के दौरान पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए, जिससे उन्हें भविष्य में शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके साथ ही 198 लोगों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया, जिससे उन्हें तत्काल राहत मिली और उपचार की प्रक्रिया शुरू हो सकी।



शिविर में रक्तदान के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई। जहां 10 लोगों ने स्वेच्छा से आगे आकर रक्तदान किया। इन रक्तदाताओं ने न केवल सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया, बल्कि जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान भी सुनिश्चित किया। स्वास्थ्य शिविर का कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ देने के निर्देश दिए। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए नियमित जांच, संतुलित आहार एवं स्वच्छ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। साथ ही गंभीर रोगों के लक्षण दिखने पर समय पर अस्पताल में जांच कराने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं स्टॉफ मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने पद्मश्री जागेश्वर यादव के जीवन पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन

# सेवा और समर्पण का प्रेरक दस्तावेज है बिरहोर जननायक कृतिः साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पद्मश्री जागेश्वर यादव के जीवन पर आधारित पुस्तक "बिरहोर जननायक" का विमोचन किया। दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पद्मश्री श्री यादव का जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन समाज के प्रति समर्पित रहा है और उनके कार्य विशेष रूप से जनसेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जशपुर जिले में 'बिरहोर के भाई' के रूप में विख्यात श्री जागेश्वर यादव ने बिरहोर आदिवासी समाज के उत्थान के लिए जो कार्य किए हैं, वे अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि उनका सरल व्यक्तित्व और समाज के प्रति अटूट प्रतिबद्धता यह दर्शाती है कि सच्चा नेतृत्व सेवा और संवेदनशीलता से ही जन्म लेता है।



#### नई पीढ़ी होगी जागरूक

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि "बिरहोर जननायक" पुस्तक उनके संघर्ष, समर्पण और सेवा की उस प्रेरक यात्रा को सामने लाती है, जो नई पीढ़ी को समाज के प्रति जागरूक और उत्तरदायी बनने की दिशा देती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कृति पाठकों को न केवल प्रेरित करेगी, बल्कि समाज के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में भी सहायक होगी।

#### समर्पित प्रयासों से प्रेरित

इस अवसर पर पुस्तक के लेखक डॉ. लोकेश पटेल ने बताया कि इस पुस्तक की रचना आदिम जनजातियों, विशेषतः बिरहोर समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए श्री यादव द्वारा किए गए समर्पित प्रयासों से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि इस कृति में उनके जीवन संघर्ष, सामाजिक योगदान और मानवीय दृष्टिकोण को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है।

## 75 दिव्यांग लोगों को मिला शिविर का लाभ




**जशपुरनगर।** कुनकुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 8 अप्रैल को दिव्यांगजन प्रमाणीकरण तथा यूडीआईडी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांगता प्रमाण-पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनाया गया। इसके अलावा पेंशन योजनाओं सहायक उपकरण, दिव्यांग ऋण इत्यादि हेतु आवेदन भी लिया गया। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। शिविर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण सुगम्य केन श्री चन्द्रशेखर खत्री 60 वर्ष ग्राम नारायणपुर निवासी दृष्टि वाधित 100 प्रतिशत प्रदान किया गया एवं 10 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड का भी वितरण किया गया। इसके साथ ही 5 दिव्यांगजन ने दिव्यांग पेंशन की जानकारी व दिव्यांग ऋण की जानकारी प्राप्त की। उक्त शिविर में 75 दिव्यांगजन उपस्थित हुए।



# अक्षय ने दोस्तों के साथ बिताए समय को किया याद

**मुंबई।** अक्षय कुमार, राजपाल यादव और वामिका गब्बी के साथ अन्य कलाकार इस वक्त अपनी आने वाली फिल्म 'भूत बंगला' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच अक्षय कुमार ने अपनी पढ़ाई को लेकर बड़ा खुलासा किया, जिसे सुनकर सब चौंक गए। अक्षय कुमार फिलहाल रियलिटी शो व्हील ऑफ फॉर्च्यून होस्ट कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने अपने बचपन के दोस्तों को दर्शकों से मिलवाया और बताया कि वे स्कूल में बैकबेंचर थे, जिन्हें पास होने में भी काफी स्ट्रगल करना पड़ता था। उन्होंने कहा, 'हम लोग केजी से साथ हैं और केजी से 9वीं क्लास के बीच हम लोग तीन बार फेल हुए हैं।

लाइफ Style



# अनीत

## शक्ति शालिनी में डबल रोल करेंगी प्ले

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म की लीड एक्ट्रेस अनीत पड्डा इस फिल्म में डबल रोल करती नजर आएंगी।

'स्त्री' यूनिवर्स को और व्यापक रूप देती इस मशहूर हॉरर कॉमेडी फिल्म में अनीत के दोनों किरदार एक-दूसरे के बिलकुल विपरीत होंगे। फिल्म में उनके दो किरदारों के नाम 'शक्ति' और 'शालिनी' रखे गए हैं। जो कहानी में रोमांच और डर का जबरदस्त तड़का लगाने के लिए तैयार हैं। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बन रही यह फिल्म बंगाली लोक कथाओं से प्रेरित है। मिड डे की एक रिपोर्ट के मुताबिक यह अच्छाई और बुराई के बीच की एक हमेशा चलती रहने वाली लड़ाई है। इसमें 'शालिनी' का किरदार एक ऐसी प्रेतनी का है, जो बदले की भूखी है। शालिनी पेड़ों और पानी वाली जगहों में रहती है और मर्दों को सजा देती है। वहीं 'शक्ति' का किरदार देवी काली के स्वरूप से प्रेरित है। जिन्हें बुराई का विनाश करने वाली सर्वोच्च शक्ति माना जाता है। फिल्म में शक्ति का मुकाबला शालिनी से होगा। अनीत के इन 2 शक्तिशाली अवतारों ने फैंस के बीच अभी से एक्साइटमेंट बढ़ा दिया है। अनीत पड्डा के इस किरदार की पहली झलक पिछले साल आयुष्मान खुराना की फिल्म 'थामा' के पोस्ट-क्रेडिट सीन में दिखाई गई थी। इसमें उन्हें 'सृष्टि की रचयिता, विनाशक और सबकी मां' के रूप में दिखाया गया।

हॉलीवुड मसाला



# गेम ऑफ थ्रोन्स से हुए मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** हिट सीरियल 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में अपनी भूमिका के लिए मशहूर अभिनेता माइकल पैट्रिक का निधन हो गया है। वह 35 साल के थे। उन्होंने मुख्य रूप से दिस टाउन, ब्लू लाइट्स, माई लेफ्ट नट और डच सीरियल द स्पेक्टैकुलर में अभिनय किया है। वह आरटीई के ब्लास्ट्स फ्रॉम द पास्ट और बर्नार्ड डन की मिथिकल हीरोज में भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए हैं। इसके अलावा माइकल ने लोकप्रिय टीवी श्रृंखला गेम ऑफ थ्रोन्स के छठे सीजन के एपिसोड द ब्रोकन मैन में एक वाइल्डलिंग दंगाई की छोटी, लेकिन यादगार भूमिका निभाई थी।



# एक्सट्रैक्शन 3 में फिर दमदार रोल में लौटेंगे

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टार क्रिस हेम्सवर्थ की पॉपुलर एक्शन फ्रेंचाइजी एक्सट्रैक्शन को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म के तीसरे पार्ट की तैयारियां शुरू हो गई हैं, और अब फिल्म में एक और बड़ा हॉलीवुड एक्टर शामिल होने वाला है। एक बार फिर क्रिस हेम्सवर्थ अपने दमदार किरदार टायलर रेक के रूप में वापसी करने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म में इदरीस एल्बा भी नजर आएंगे, जो पहले भी इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा रह चुके हैं। उनके साथ गोलशिफ्तेह फरहानी भी अपनी भूमिका दोहराती दिखेंगी। फिल्म को एक बार फिर डायरेक्टर सैम हार्ग्रेव ही डायरेक्ट करेंगे, जिन्होंने पहले दोनों पार्ट्स को भी संभाला था। एक्सट्रैक्शन सीरीज की शुरुआत 2020 में हुई थी और इसके बाद 2023 में इसका दूसरा पार्ट आया, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया।



# राका बनकर डराएंगे दीपिका होंगी साथ

**मुंबई।** साउथ के बेहतरीन एक्टर अल्लू अर्जुन ने अपने जन्मदिन पर अपकमिंग फिल्म का नाम और पोस्टर रिवील किया है। पहले उनकी इस फिल्म को 'एए2xए6' के नाम से जाना जाता था। पोस्टर कई भाषाओं में रिलीज किया गया है। इसमें अंग्रेजी और हिंदी जैसी भाषाएं भी शामिल हैं। पोस्ट शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है 'एए2xए6' का नाम अब राका है। खुद को सीमाओं से आगे देखने के लिए तैयार करें।' इसमें अल्लू अर्जुन, एटली और दीपिका पादुकोण को टैग किया गया है। 'राका' के पोस्टर में देखा जा सकता है कि अल्लू अर्जुन का आधा चेहरा नजर आ रहा है। अपने चेहरे को उन्होंने छुपाया है। उनके चेहरे के आगे किसी जानवर का पंजा है, जो काफी डरावना लग रहा है। उनके सर पर बाल नहीं हैं। उनकी भौहें बनी हुई हैं।



# डकैत की टिकट बेचते नजर आए जमील

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर' में जमील जमाली के किरदार से सुर्खियों में छाए राकेश बेदी का डायलॉग 'मेरा बच्चा है तू...' लोगों के बीच काफी प्रसिद्ध हो गया है। यहां तक कि अब निर्देशक अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए राकेश बेदी का सराहा ले रहे हैं। एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें राकेश सिनेमाघर के टिकट काउंटर पर 'डकैत' की टिकट बेचते नजर आ रहे हैं। उनका यह मजेदार अंदाज सोशल मीडिया पर पसंद किया जा रहा है। मृणाल ठाकुर ने एक खास वीडियो अपनी फिल्म डकैत की रिलीज के ठीक एक दिन पहले इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में राकेश अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत की टिकटें बेचते नजर आ रहे हैं। फिल्म 'डकैत' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

टीवी मसाला



# तुलसी का जलवा बरकरार अनुपमा का हुआ बुरा हाल

**नई दिल्ली।** गुरुवार को 13वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट सामने आ चुकी है। इस बार भी स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' अव्वल रहा है। टीआरपी लिस्ट में 1.8 की टीआरपी मिली है। जबकि 12वें हफ्ते में इसकी अपनी टीआरपी 2.0 थी। देखा जाए तो इस 13वें हफ्ते में आकर इस सीरियल की टीआरपी कम हुई है। इन दिनों सीरियल में तुलसी, मिहिर के और नोयना के उलझे रिश्तों वाला ट्रैक चल रहा है। 13वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर सीरियल 'गंगा मां की बेटियां' रहा है। इसको भी 1.8 की टीआरपी मिली है। जबकि 12वें हफ्ते में यह सीरियल पांचवें नंबर पर था। इस तरह 'गंगा मां की बेटियां' इस पर टीआरपी चार्ट में ऊपर आया है। इन दिनों टीवी और फिल्म एक्टर शरद केलकर का सीरियल 'तुम से तुम तक' भी काफी पसंद किया जा रहा है। 13वें की टीआरपी लिस्ट में इसे 1.8 की टीआरपी मिली है। जबकि 12वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में शरद केलकर के सीरियल 'तुम से तुम तक' को 1.9 की टीआरपी मिली थी। 13वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर सीरियल वसुधा रहा है, इसकी टीआरपी 1.7 रही है। वहीं ,पांचवें नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा रहा है। इस सीरियल की टीआरपी लगातार कम हो रही है। 13वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसे पांचवां स्थान मिला है, इसको भी 1.7 की टीआरपी मिली है। जबकि 12वें हफ्ते में यह सीरियल चौथे नंबर था और इसकी टीआरपी 1.8 थी।

## खोपड़ी-पसली वाला खाना देख चकराया सिर

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' में सबसे बड़ा डर हमेशा से किसी खाने को बिगाड़ देना रहा है। लेकिन, क्या होता है जब एक बिगड़ी हुई रेसिपी का डर एक भूतिया घर के आतंक से टकराता है? इसका जवाब शो के अब तक के सबसे अराजक और कॉमेडी से भरपूर ट्विस्ट में छिपा है, जब किचन पूरी तरह से भूत बंगले में बदल जाती है और इसके स्टार कलाकार भी मस्ती में शामिल हो जाते हैं। थीम है - कॉर्न रिब्स और टेटर टॉट्स, जिन्हें खोपड़ी और पसलियों के आकार में सजाया गया है। टेटर टॉट्स पांच इंच लंबे, खोपड़ी के आकार के, सुनहरे भूरे रंग के, बाहर से कुरकुरे और अंदर से नरम होने चाहिए, और उन पर तीखा पेरी पेरी मसाला लगा होना चाहिए। वहीं, कॉर्न रिब्स कम से कम छह बिल्कुल सही कटे हुए टुकड़ों में होने चाहिए, कुरकुरे और रसदार, मक्खन, नींबू और मिर्च के मसाले में लपेटे हुए।



# गिन्नी वेड्स सनी 2 में पहलवानी करते नजर आए अविनाश

मुंबई। अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी 2' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के ट्रेलर में अविनाश एक पहलवान के रूप में नजर आए। तो वहीं फिल्म की अभेनित्री मेधा शंकर का मॉर्डन स्टाइल देखने को मिला। । 'गिन्नी वेड्स सनी 2' 24 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर में नई जोड़ी अविनाश और मेधा दिख रही है। ये जोड़ी पहले वाली फिल्म में विक्रांत मैसी और यामी गौतम ने निभाई थी। इस सीक्वल में पूरी नई कहानी है। अविनाश (सनी) पहलवान हैं और मेधा (गिन्नी) शादी की हलचल में मजेदार और अनोखे ट्विस्ट लाती हैं। ट्रेलर में भरपूर रोमांस, हंसी और मनोरंजन है। फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी 2' के निर्माताओं ने आज ट्रेलर रिलीज करके फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है। ट्रेलर रिलीज से पहले हाल ही में इस फिल्म के दो गाने 'छाप तिलक' और 'ऐ खुदा' जारी किए गए थे। दोनों गाने दर्शकों को बहुत पसंद भी आए। इन गानों में फिल्म की कहानी साफ दिखाई देती है। इन गानों में भावनाओं और रोमांस को बखूबी दिखाया गया है। 'गिन्नी वेड्स सनी 2' 2020 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' का दूसरा भाग है। उसमें विक्रांत मैसी और यामी गौतम थे। अब 'गिन्नी वेड्स सनी 2' में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशक और लेखक प्रशांत झा हैं। मेधा की मां का रोल लिलेट दुबे ने किया है। इसके अलावा सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव और गोपी भल्ला जैसे दमदार कलाकार भी हैं। जी स्टूडियोज और साउंड्र्या प्रोडक्शन ने इसे बनाया है।

# गुड्डी की मासूमियत ने जीता था शहंशाह का दिल

**नई दिल्ली।** एक सफल अभिनेत्री, पत्नी और मां; जया ने अपने जीवन के हर रंग को भरपूर जिया है। साल 1971 में फिल्म 'गुड्डी' से उन्होंने अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की। 1972 में पहली बार उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म 'बंसी बिरजू' में काम किया पर बच्चन से पहली मुलाकात तो 'गुड्डी' के सेट पर ही हो गई थी। फिल्मी सेट पर मिले ये दो दिल तब तक यह नहीं जानते थे की वो एक साथ लंबे वक्त तक धड़केगें।

***गुड्डी के सेट पर मिली नजरें*** : जया और अमिताभ बच्चन की प्रेम कहानी पुणे फिल्म संस्थान में शुरू हुई। अमिताभ प्रसिद्ध निर्देशक के. अब्बास के साथ पुणे आए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमिताभ को पहली बार जया के लिए एहसास तब जागा जब उन्होंने पहली बार उन्हें एक पत्रिका के कवर पेज पर देखा। इसके बाद दोनों पहली बार फिल्म 'गुड्डी' के सेट पर मिले। फिल्म में अमिताभ ने कैमियो किया था। एक पुराने इंटरव्यू में जया ने कहा कि अमिताभ की आंखों से उन्हें पता चल गया था कि वो एक दिन स्टार बनेंगे।



**53 साल का साथ :** अब अमिताभ और जया की शादी को 53 साल बीत चुके हैं। दोनों खुशहाल जीवन जी रहे हैं। अब जया सिर्फ पत्नी ही नहीं दो बच्चों (अभिषेक बच्चन और स्वेता नंदा) की मां भी है। बहू के रूप में उन्हें एश्वर्या राय बच्चन मिली हैं।

## राजेश ने जताई थी आपत्ति

एक-दूसरे को पसंद करने का जो सिलसिला गुड्डी से शुरू हुआ था वो फिल्म बंसी बिरजू और एक नजर में परवान चढ़ा। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों की नजदीकियां बढ़ी। जया जहां समझ चुकी थी कि यह प्यार है वहीं अमिताभ अब भी इसकी दस्तक नहीं सुन पा रहे थे। हालांकि, धीरे-धीरे दोनों को यह महसूस हो गया। जया और अमिताभ एक होना चाहते थे। खबरों की मानें तो जया के करीबी दोस्त और सुपरस्टार राजेश खन्ना को दोनों का रिश्ता सही नहीं लगा। इस पर एक्टर ने आपत्ति जताई थी। मगर तब तक अमिताभ का जादू जया पर चल चुका था।

## एक ट्रिप ने मिस जया को बनाया मिसेज जया

दो साल गुजर गए। साल 1973 में फिल्म 'जंजीर' की सफलता के बाद अमिताभ बच्चन सुपरस्टार बन गए। इस सफलता का जश्न मनाने के लिए अमिताभ दोस्तों के साथ फॉरिन ट्रिप पर जाना चाहते थे। वो चाहते थे कि जया भी उनके साथ लंदन जाएं। मगर दोनों के परिवारों को पता चला तो इस पर मंजूरी नहीं मिली। न तो पारंपरिक बच्चन परिवार ने अमित को इजाजत दी, न ही कला के भक्त भादुड़ी परिवार ने जया को। मगर अमिताभ की जिद थी कि वो जया के साथ ही लंदन जाएंगे। इस पर परिवार वालों ने कहा कि अगर दोनों शादी कर लें तो किसी को कोई परेशानी नहीं है। इसके बाद बिना देरी किए अमिताभ बच्चन और जया भादुड़ी ने 3 जून 1973 एक निजी समरोह में फेरे ले लिए।

## कन्नड़ अभिनेता यश लंकापति रावण की भूमिका में आएंगे नजर

# कई अभिनेताओं ने निभाया रावण का किरदार, दर्शकों के दिलों में आज भी बसे अरविंद

***नई दिल्ली।*** *नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ है। इस फिल्म में राम की भूमिका में रणबीर कपूर, माता सीता की भूमिका में साईं पल्लवी और लंकापति रावण की भूमिका में यश हैं। रामानंद सागर की 'रामायण' पूरे देश में आज भी बहुत चर्चित है। उस समय यह सीरियल टीवी पर रविवार को आया करता था, जिसे लाखों-करोड़ों लोग देखते थे। अरविंद त्रिवेदी का रावण का रोल इतना जबरदस्त और यादगार रहा कि लोग आज भी उन्हें 'रावण' के नाम से ही जानते हैं। अरविंद त्रिवेदी का रावण का किरदार सदाबहार है, लेकिन अरविंद के अलावा भी कई अभिनेताओं ने रावण की भूमिका निभाई है। वहीं अब नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में कन्नड़ अभिनेता यश लंकापति रावण की भूमिका में नजर आएंगे।*



## रावण के किरदार को बना दिया अमर

रामानंद सागर की 'रामायण' में अरविंद त्रिवेदी का रावण का किरदार बहुत शक्तिशाली और भयानक दिखाया गया था। दस सिर वाले रावण के रूप में उनकी एक्टिंग ने दर्शकों को काफी इंप्रेस किया। कई लोगों का कहना है कि न तो पहले ऐसा रावण हुआ और न ही बाद में कभी होगा। उनकी आवाज, बॉडी लैंग्वेज और अभिनय ने उन्होंने रावण के अपने इस किरदार को अमर बना दिया। असल में अरविंद त्रिवेदी केवट (नाविक) का रोल करने के लिए ऑडिशन देने गए थे, लेकिन रामानंद सागर ने उनकी आवाज और लुक देखकर उन्हें सीधे रावण का रोल दे दिया। उन्होंने 300 से ज्यादा लोगों को पीछे छोड़कर यह रोल हासिल किया। अरविंद त्रिवेदी का निधन हो चुका है, लेकिन 'रामायण' में रावण के किरदार में उनकी भूमिका लोगों के दिलों में आज भी जिंदा है।

## यश की दी दिखाई झलक

नितेश तिवारी निर्देशित आगामी फिल्म 'रामायण' का पहला भाग 2026 में रिलीज होने वाला है। इस फिल्म में रावण का किरदार साउथ अभिनेता यश निभाएंगे। हाल ही में रिलीज हुए 'रामायण' के टीजर में रावण के किरदार में यश की झलक सिर्फ पीछे से दिखाई गई है। तो क्या यश अभिनेता अरविंद त्रिवेदी जैसा जादू दर्शकों पर चला पाएंगे? यह तो इस फिल्म रिलीज के बाद ही पता चलेगा।

***अखिलेंद्र*** : *अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा 2008 में आनंद सागर की 'रामायण' सीरियल में रावण बने। अखिलेंद्र मिश्रा ने रावण को सिर्फ क्रोधी और खलनायक के रूप में नहीं, बल्कि भावुक और मानवीय पक्ष भी दिखाया। उन्होंने कहा था कि वह रावण को रोते हुए दिखाना चाहते थे। अखिलेंद्र मिश्रा को फिल्मों में भी खलनायक रोल्स के लिए जाना जाता है, जैसे फिल्म 'लगान' में उनका रोल याद किया जाता है। उन्होंने टीवी पर कई पावरफुल किरदार निभाए हैं।*

***निकितन*** : *निकितन धीर ने 'श्रीमद् रामायण' (2024) सीरियल में रावण का किरदार निभाया है। पंकज धीर के बेटे निकितन ने रावण के लुक, मेकअप और एक्टिंग से काफी तारीफें बटोरीं। उनकी हाइट और परफॉर्मेंस रावण की शक्तिशाली छवि से मैच करती है। कई दर्शक मानते हैं कि उन्होंने रावण को अच्छे तरीके से जीवंत किया है।*

***सैफ*** : *बॉलीवुड स्टार सैफ अली खान ने फिल्म आदिपुरुष में रावण का रोल किया। हालांकि, फिल्म को काफी आलोचना मिली, लेकिन सैफ ने रावण का भव्य और खतरनाक रूप पेश करने की कोशिश की। यह उनका पहला बड़ा पौराणिक खलनायक रोल था। हालांकि, सैफ रावण के रोल में दर्शकों के दिलों में खास जगह नहीं बना सके।*

***प्रेमनाथ*** : *प्रेमनाथ क्लासिक अभिनेता थे। उन्होंने 1976 की फिल्म जय बजरंगबली में लंकेश्वर रावण का किरदार निभाया। पुरानी हिंदी सिनेमा में वह विलेन और सशक्त रोल्स के लिए मशहूर थे। उनका रावण वाला रोल भी याद किया जाता है।*

खबर संक्षेप

## एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन 11 तक

**रायगढ़।** जिले के आदिवासी विकासखंडों में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में रिक्त सीटों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं और 11वीं में लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। जिले के चार प्रमुख एकलव्य विद्यालयों, छोटेमुड़पार, खरसिया, सिसरिंगा, धरमजयगढ़, छर्राटांगर घरघोड़ा और हीरापुर लैलूंगा में कुल 20 सीटें रिक्त हैं, जिन पर पात्र छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि सर्वाधिक 12 सीटें कक्षा 11वीं के लिए उपलब्ध हैं, जबकि कक्षा 9वीं में 5, 8वीं में 2 और 7वीं कक्षा में 1 सीट रिक्त है। स्कूल वार छोटेमुड़पार बालक में सबसे अधिक 9 सीटें हैं, वहीं सिसरिंगा में बालक और बालिकाओं के लिए क्रमशः 3 और 4 सीटें खाली हैं। इसके अतिरिक्त हीरापुर में 3 और छर्राटांगर में 1 सीट पर प्रवेश का मौका है। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी अपना आवेदन पत्र सीधे कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा रायगढ़ या संबंधित एकलव्य विद्यालयों में जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ पिछली कक्षा की अंकसूची, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11 मई शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है।

## रामलीला का उद्घाटन करेंगे सांसद राठिया

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में आयोजित होने जा रहे ऐतिहासिक रामलीला के उद्घाटन को लेकर इससे जुडे प्रतिनिधि मंडल सहित सत्तारूढ़ दल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय सांसद राधेश्याम राठिया से सौजन्य भेंट कर कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस मुलाकात के दौरान सांसद राधेश्याम राठिया ने रामलीला उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु सहमति प्रदान की जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस संक्षिप्त सौजन्य मुलाकात के अवसर पर मण्डल भाजपा अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता नगर पंचायत पुसौर के उपाध्यक्ष उमेश साव, वरिष्ठ पार्षद बलराम सौरा, भाजपा पुसौर के मंत्री विजय महाना तथा पार्षद प्रतिनिधि निराकार पटेल उपस्थित रहे। रामलीला समिति अध्यक्ष बैकुंठ गुप्ता एवं गणमान्य लोगों द्वारा बताया कि पुसौर की रामलीला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान रही है और इस वर्ष इसे और भव्य रूप देने की तैयारी की जा रही है।

## मातृत्व अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान शासन के दिशा निर्देशों तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराए गए और उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकलिन, मलेरिया, एचआईवी, वजन और ऊँचाई जैसी आवश्यक जांचें की गईं। महिलाओं को आयरन और कैल्शियम की गोलियों का वितरण किया गया। इसके अलावा स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को शरीर की स्वच्छता, पोषण और सुरक्षित प्रसव के महत्व पर विशेष परामर्श दिया गया। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी कराई गई। शिविर में गर्भवती महिलाओं को लेबर रूम और ऑपरेशन थिएटर का दौरा कराते हुए उन्हें मानसिक रूप से सुरक्षित प्रसव के लिए तैयार किया गया, जिससे प्रसव के दौरान होने वाले तनाव को कम किया जा सके। जिले में प्रतिमाह 9 एवं 24 तारीख को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 9 अप्रैल का आयोजित स्वास्थ्य शिविर में रायगढ़ जिले में कुल 740 गर्भवती माताओं की जांच की गई। जिसमें विकासखंडवार लोईंग में 61, पुसौर में 156, चपले में 127, तमनार में 60, धरमजयगढ़ में 198, लैलूंगा में 70 एवं घरघोड़ा 68 महिलाएं शामिल थी।

# एमआईसी में 29 करोड़ से ज्यादा के शहर विकास कार्यों को दी गई मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- अधोसंरचना, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता, सड़क एवं नाली निर्माण सहित कई अहम विषयों पर हुई चर्चा

एमआईसी की बैठक में 29 करोड़ से ज्यादा के शहर विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इसमें शहर विकास एवं जनहित से जुड़े सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक में अधोसंरचना, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता, सड़क एवं नाली निर्माण सहित कई अहम विषयों पर चर्चा हुई।

महापौर कक्ष में शुक्रवार को महापौर जीवर्धन चौहान की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक हुई। बैठक में बैठक में सबसे प्रमुख रूप से शहर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। नगर निगम क्षेत्र में स्थापित हजारों विद्युत पोल एवं एलईडी लाइटों के रखरखाव और सुधार कार्य के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की आवश्यकता को देखते हुए नए सिरे से निविदा जारी करने तथा 16 अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। इससे शहर की प्रकाश व्यवस्था और अधिक बेहतर होगी। इसके अलावा विभिन्न वार्डों में नाली निर्माण कार्यों के स्थान परिवर्तन से जुड़े प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की गई।



### नाली बनने से नहीं होगा जलभराव

वार्ड क्रमांक 32, 8, 19 सहित कई क्षेत्रों में नागरिकों की सुविधा और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नालियों के निर्माण स्थलों में बदलाव किया गया है। इससे जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। सड़क निर्माण कार्यों में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वार्ड क्रमांक 47 में सीसी सड़क निर्माण कार्य के स्थान परिवर्तन को मंजूरी दी गई, जिससे स्थानीय निवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी।

### कैनाल लिंक रोड के लिए 22 करोड़ स्वीकृत

बैठक में शहर में जल निकासी एवं बाढ़ नियंत्रण को लेकर भी बड़ा फैसला लिया गया। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में 17 कार्यों के लिए करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से नाली निर्माण एवं पुलिया निर्माण के 17 कार्यों के प्रस्ताव को स्वीकृति हेतु आगे बढ़ाया गया। इन कार्यों के पूर्ण होने से शहर में बारिश के दौरान होने वाली समस्याओं में काफी कमी आएगी। इसी तरह केवड़ाबाड़ी चौक से मरीन ड्राइव तक 22 करोड़ से ज्यादा की लागत से कैनाल लिंक रोड सड़क निर्माण के लिए जारी निविदा को स्वीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त न्यायालयीन प्रकरणों की पैरवी के लिए अधिवक्ताओं की नियुक्ति एवं समयावधि बढ़ाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

### शहर में विकास की गति और तेज होगी

इस दौरान महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि परिषद द्वारा लिए गए इन सभी निर्णयों से स्पष्ट है कि नगर निगम शहर के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में इन योजनाओं के क्रियान्वयन से रायगढ़ शहर में विकास की गति और तेज होगी। बैठक के दौरान एमआईसी सदस्यों द्वारा प्रस्ताव के संबंध में जिज्ञासा भी व्यक्त किया गया, जिसपर संबंधित प्रस्ताव की पूर्ण जानकारी निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय द्वारा दी गई। इस दौरान आयुक्त क्षत्रिय ने एम आई सी सदस्यों के दिए गए सुझाव को भी प्रस्ताव में शामिल करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

शिव शक्ति स्टील प्लांट में किराया राशि हड़पने का मामला, लंबे समय से था फरार

# लाखों का गबन कर फरार ऑटोमोबाइल मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे "ऑपरेशन तलाश" के तहत थाना चक्रधरनगर पुलिस को भी बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने शिव शक्ति स्टील प्लांट में लाखों रुपए का गबन कर फरार चल रहे ऑटोमोबाइल एक्जीक्यूटिव मैनेजर मनीष कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

प्रार्थी विपुल माली, निवासी चिडीपाल कॉलोनी बोईरदादर द्वारा 3 सितंबर 2025 को थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें कहा गया था कि शिव शक्ति प्लांट में ऑटोमोबाइल एक्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत मनीष कुमार शर्मा को कंपनी के वाहनों की देखरेख एवं ट्रांसपोर्टरों के माध्यम से वाहनों को चलवाकर



किराया वसूलने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। आरोपी ने एक अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 के बीच वाहनों से प्राप्त किराया कंपनी में जमा नहीं कर स्वयं के बैंक खाते एवं नगद के रूप में प्राप्त कर करीब 11,35,861 की राशि का गबन कर लिया। इतना ही नहीं, आरोपी द्वारा ट्रांसपोर्टरों को कंपनी के वाहनों को किसी अन्य का वाहन बताकर चलवाया गया और फर्जी बिल्टी तैयार कर धोखाधड़ी की गई। रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में अपराध क्रमांक 396/2025 धारा 316(4), 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

### बचने के लिए लगातार स्थान बदल रहा था

अपराध पंजीबद्ध होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने लगातार स्थान बदल रहा था। आरोपी की पतासाजी के लिए पुनः तकनीकी जांच कर लोकेशन ट्रेस किया गया, जिसमें आरोपी के मध्यप्रदेश के सिंगरौली में छिपे होने की जानकारी मिली। साइबर और चक्रधरनगर पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर सिंगरौली रवाना किया गया। जहां से आरोपी को गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया, जिसके पास से नगद राशि (800 रुपए) एवं एक सैमसंग गैलेक्सी ए 15 5 जी मोबाइल फोन जब्त किया गया।

## प्रधान आरक्षक के आश्रित को 10 लाख की बीमा राशि का भुगतान

**रायगढ़।** 6वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल रायगढ़ के ए.कंपनी कैम्प खल्लारी, थाना नगरी, जिला धमतरी में कर्तव्यस्थ प्रधान आरक्षक 209 राजेश एक्का की ईलाज दौरान 5 अक्टूबर 2025 को आकस्मिक मृत्यु हो गई, वे 14 अक्टूबर 1998 को आरक्षक जीडी के पद में नियुक्त हुए थे। आश्रित परिजनों को आर्थिक सहायतार्थ पुलिस सैलरी पैकेज के तहत विभिन्न बैंकों से एमओयू किया गया है। इस एमओयू के आधार पर श्रीमती निवेदिता पाल, रापुसे, सेनानी 6वीं वाहिनी छस बल रायगढ़ के मार्गदर्शन में 6वीं बटालियन छस बल गढ़ के अधि कर्म के बैंक सैलरी खातों को पुलिस सैलरी पैकेज के तहत अपडेट कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप प्रधान आरक्षक 209 स्व. राजेश एक्का को पुलिस सैलरी पैकेज अंतर्गत बीमा राशि भुगतान हेतु सेनानी के सतत प्रयास से भारतीय स्टेट बैंक शाखा जशपुर के सहयोग से स्व. प्रआर राजेश एक्का की उत्तराधिकारी पत्नी श्रीमती नीलिमा कुजूर को 10 लाख की बीमित राशि का भुगतान कराया गया।

# आईपीएल मैच में सट्टा लिखते 2 आरोपी गिरफ्तार, आनलाइन नेटवर्क का खुलासा

**गिरफ्तार आरोपियों से खाईवाल शानू बेरीवाल के लिए सट्टा नोट कर यूपीआई से लेनदेन के सबूत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आईपीएल मैच में सट्टा लिखते 2 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इनसे आनलाइन नेटवर्क का खुलासा हुआ है तो गिरफ्तार आरोपियों से खाईवाल शानू बेरीवाल के लिए सट्टा नोट कर यूपीआई से लेनदेन के सबूत भी मिले हैं।

साइबर थाना और चक्रधरनगर पुलिस की संयुक्त टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि बोईरदादर स्थित गुरूकृपा प्रोविजन स्टोर के पास दो व्यक्ति मोबाइल के माध्यम से कोलकाता और लखनऊ के बीच चल रहे आईपीएल टी-20 क्रिकेट मैच में बॉल टू बॉल सट्टा लिख रहे हैं। चना पर तत्काल



कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां आरोपी पंकज जय सिंह निवासी सिंधी कॉलोनी कच्ची खोली एवं जयदेव मित्रा निवासी देवांगन पारा बोईरदादर को गिरफ्तार किया गया। मौके पर जयदेव मित्रा सट्टा नोट करने के साथ मोबाइल पर सट्टा खेलते मिला। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे मोबाइल के माध्यम से क्रिकेट सट्टा संचालित कर रहे थे तथा सट्टा की राशि यूपीआई के जरिए लेते थे।

### मोबाइल में दो साइट्स भी सक्रिय पाए गए

आरोपियों ने बताया कि पूरा लेनदेन मुख्य सट्टा खाईवाल शानू बेरीवाला, निवासी पंचवटी कॉलोनी चक्रधरनगर रायगढ़ के लिए किया जाता है। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से एक वीवो एवं एक सैमसंग मोबाइल जप्त किया गया, जिनमें "ALL PANELEXCH" और "JALWA-247" जैसे सट्टा साइट्स सक्रिय पाए गए। आरोपियों के विरुद्ध थाना चक्रधरनगर में *अपराध क्रमांक 157/2026 धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम और धारा 3(5) BNS* के तहत पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी सट्टा खाईवाल शानू बेरीवाला फरार है जिसकी तलाश जारी है।

# पुसौर में बनेंगे 100 बिस्तर के दो छात्रावास

**पुसौर।** प्रदेश स्तर पर बीते वर्ष चलाए गए सुशासन तिहार के बीच जन हित में जितने भी आवेदन प्रस्तुत किए गए थे उसमें से ज्यादातर मांगों की स्वीकृति मिलने की जानकारी प्रकाश में आई है। इसमें से पुसौर तहसील मुख्यालय में पिछडा वर्ग के बालक बालिकाओं के लिए स्वीकृत हुए 100-100 बिस्तर के अलग अलग 2 छात्रावास मिला है।

नगर उपाध्यक्ष उमेश साव ने इसे बड़ी पहल बताया है। ध्यान रहे कि शासकीय माध्यमिक विद्यालय के शाला विकास समिति अध्यक्ष एवं वार्ड 15 के छाया पार्षद संतोष यादव ने बीते वर्ष पुसौर में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग के बालक बालिकाओं के लिए अलग अलग छात्रावास स्थापना की मांग की थी जिसकी स्वीकृति क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने स्वीकृति दिलाया है और उसके भवन निर्माण के लिए शासकीय भूमि चिन्हांकित करने के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया गया है।

पिछड़ा वर्ग के छात्रावास की आवश्यकता को लेकर संतोष यादव ने बताया कि पुसौर में प्रि मैट्रिक छात्रावास है जो अनुसूचित जाति एवं अनुसुचित जनजाति वर्ग के लिए हैं। पिछड़ा वर्ग का कोई छात्रावास नहीं है ऐसे स्थिति में इस वर्ग के गरीब तपके के बालक बालिका के पालक कक्षा 10वीं तक किसी भी तरह पढा सकते हैं इसके बाद के पढाई में आने जाने में आ रहे अडचन को लेकर वे नहीं पढ़ा पा रहे थे। इसकी चर्चा इन्होंने हायर से शाला विकास समिति के अध्यक्ष भरत षडंगी के साथ मिलकर कई जगह किया।

## ट्रांसजेण्डर पहचान पत्र का पंजीकरण और सरल होगा

**रायगढ़।** ट्रांसजेण्डर पहचान पत्र के पंजीकरण एवं जारी करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल, सुगम एवं सुलभ बनाने के लिए क्षेत्रीय और जिला स्तर पर जागरूकता एवं सुविधा शिविर आयोजित किए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा स्थानीय गैर सरकारी संगठनों एवं ट्रांसजेण्डर कल्याण बोर्ड के समन्वय से आगामी दिनों में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहां ट्रांसजेण्डर व्यक्तियों को पंजीकरण, दस्तावेजी प्रक्रिया और योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। समाज कल्याण विभाग ने ट्रांसजेण्डर समुदाय से अपील की है कि वे इन शिविरों का लाभ उठाएं और पहचान पत्र बनवाकर शासन की योजनाओं से जुड़ें। इसके लिए ट्रांसजेण्डर व्यक्ति कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, रायगढ़ में संपर्क कर सकते हैं।

# जनसामान्य के बीच पहुंचा प्रशासन समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान

**स्वास्थ्य, पोषण राजस्व एवं जनकल्याण सेवाओं का मिला एक मंच पर लाभ**

**रायगढ़।** जिला प्रशासन द्वारा आज खरसिया में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। स्वामी आत्मानंद स्कूल मदनपुर परिसर में आयोजित इस शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आम नागरिकों को योजनाओं की जानकारी एवं त्वरित सेवाएं प्रदान की गईं। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं, जिनमें से कई का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।

शिविर के दौरान तीन हितग्राहियों गायत्री उरांव, नान दाई चौहान एवं रूप नारायण को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्के मकान की चॉबी सौंपी गई।



इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा जरूरतमंदों को सहायक उपकरण, दिव्यांग बच्चों को विशेष किट वितरित की गई। विद्युत विभाग द्वारा हितग्राहियों को मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना एवं पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ा गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित कर पोषण सहयोग प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार प्रदर्शनी लगाकर गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को संतुलित आहार के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही विभाग द्वारा नन्हे बच्चों का अन्नप्रासन एवं गर्भवती व शिशुवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किया गया। राजस्व विभाग द्वारा शिविर में किसान किताब, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।




# पेपर लीक का असर, 102 परीक्षा केंद्रों पर दुबारा हुई 12 वीं हिंदी की परीक्षा

- प्रश्नपत्र था सामान्य, 122 स्टूडेंट्स अनुपस्थित रहे

**रायगढ़।** जिले में 12वीं कक्षा की हिंदी परीक्षा दूसरी बार आयोजित की गई। पहले पेपर लीक होने के कारण परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। शुक्रवार को जिले के 102 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा कराई गई। इस परीक्षा में 122 छात्र अनुपस्थित रहे। जबकि पिछली परीक्षा में 115 छात्र अनुपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं की हिंदी परीक्षा 14 मार्च को हुई थी, लेकिन पेपर लीक होने के कारण बोर्ड ने उसे रद्द कर दिया था। इसके बाद यह परीक्षा 10 अप्रैल को दोबारा कराई गई। इस बार परीक्षा जिले में सुबह 9 बजे शुरू हुई। पूरे जिले में 102 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इनमें सबसे ज्यादा 22 परीक्षा केंद्र रायगढ़ विकासखंड में थे, जबकि सबसे कम 8 परीक्षा केंद्र घरघोड़ा ब्लॉक में थे। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई। इस बार 122 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि पिछली परीक्षा में 115 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। इस बार 7 परीक्षार्थी ज्यादा अनुपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने बताया कि इस बार प्रश्नपत्र सामान्य था और उसे हल करने में कोई परेशानी नहीं हुई।



### नकल का कोई मामला दर्ज नहीं

परीक्षा के नोडल भुवनेश्वर पटेल ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिले में कहीं भी नकल का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। जिले में कुल 102 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर परीक्षा को लेकर पहले से पूरी तैयारी कर ली गई थी। परीक्षा केंद्रों में पहले ही सभी जरूरी व्यवस्थाएं कर दी गई थीं, ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की परेशानी न हो।

| ब्लॉक | सेंटर | टोटल कैंडिडेट्स | प्रेजेंट | एब्सेंट |
|---|---|---|---|---|
| धरमजयगढ़ | 15 | 1414 | 1386 | 28 |
| घरघोड़ा | 8 | 689 | 675 | 14 |
| खरसिया | 20 | 1415 | 1388 | 27 |
| लैलूंगा | 13 | 774 | 763 | 11 |
| पुसौर | 14 | 1104 | 1099 | 5 |
| रायगढ़ | 22 | 2506 | 2475 | 31 |
| तमनार | 10 | 853 | 847 | 6 |

# पुलिस का फिल्मी खौफ अपराधों को जड़ से खत्म करेगा : दीवान



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म खौफ अपराध को जड़ से खत्म करने में अहम भूमिका निभाएगी। एके सिनेमा, घरघोड़ा इस फिल्म प्रदर्शन के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान ने उक्त बाते फिल्म देखने के दौरान कही। बढ़ते डिजिटल अपराध सबसे बड़ी चुनौती है और आम जनमानस की जागरूकता से बढ़ते अपराधों में कमी लाई जा सकती है। यह फिल्म अपरधियों में एक खौफ पैदा करेगी और अपराधी ऐसे कृत्य करने के पहले सोचेंगे। आधुनिक दौर में बढ़ते डिजिटल अपराधों के प्रति समाज को जागरूक करने हेतु फिल्म सशक्त माध्यम है। निश्चित रूप से यह जनमानस को सतर्क एवं जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जिला भाजपा अध्यक्ष दीवान ने पुलिस अधीक्षक शशि मोहन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा पुलिस महकमे का यह प्रयास सार्थक होगा।




